




नवभारत
भोपाल, मंगलवार, 14 जुलाई, 2026


## एक नजर में




### नीलकंठ घाट पर की मां नर्मदा की साप्ताहिक आरती

**भैरुंदा.** मां पुण्यप्रदा समग्र सेवा समिति के तत्वावधान में मां नर्मदा घाट नीलकंठ पर साप्ताहिक मां नर्मदा आरती संपन्न हुई. आरती से पूर्व समिति के सदस्यों एवं मां नर्मदा भक्तों द्वारा घाट की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया. समिति पदाधिकारियों ने बताया कि विकासखंड के अंतर्गत 11 नर्मदा घाटों पर प्रत्येक सप्ताह नियमित रूप से मां नर्मदा आरती का आयोजन किया जा रहा है. सभी घाटों पर प्रतिदिन निर्धारित वार के अनुसार आरती आयोजित की जाती है. साप्ताहिक कार्यक्रम में छीपानेर घाट पर गुरुवार, चोरसाखेड़ी पर रविवार, सातदेव एवं टीगाली पर सोमवार, सीलकंठ एवं पीपलनेरिया में मंगलवार, मांडी में बुधवार, नीलकंठ में रविवार, अंबाबड़गांव में शुक्रवार तथा डिमावर-बाबरी में मां नर्मदा आरती संपन्न होती है. समिति ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि आयोजन में सहभागी बनकर मां नर्मदा की आराधना एवं स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में योगदान दें.



### समाजसेवी अरुणा राय ने बुजुर्ग को उपलब्ध कराई रामायण

**सीहोर.** सोमवार को संकल्प वृद्धा आश्रम पहुंचकर श्रीमती अरुणा सुदेश राय ने बुजुर्ग को भक्ति मार्ग पर चलने के लिए रामचरित्र मानस रामायण ग्रंथ भेंट किया. श्रीमती राय के साथ सामाजिक न्याय विभाग दिव्यांग कल्याण आयुक्त डॉ अजय खेमरिया और सामाजिक न्याय विभाग दिव्यांग कल्याण के जिला उपसंचालक महेश कुमार यादव भी उपस्थित थे. एक बुजुर्ग ने भक्ति मार्ग पर चलने के लिए रामचरितमानस ग्रंथ उपलब्ध कराने का अनुरोध किया. समाज सेविका श्रीमती राय ने सभी सहयोगियों को वापस घर चलने के लिए कहा और श्रीमती राय 15 मिनट बाद वापस संकल्प वृद्धा आश्रम पहुंची और बुजुर्ग को रामचरितमानस रामायण ग्रंथ प्रदान किया.




### 14 और 15 को हवन-अनुष्ठान 16 को निकलेगी रथ यात्रा

**सीहोर.** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा जी की भव्य रथ यात्रा का आयोजन 16 जुलाई को किया जाएगा. रथ यात्रा जगदीश मंदिर, छावनी से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई संजय टाकीज के पास स्थित स्वर्णकार समाज मंदिर पहुंचेगी. आगामी 14-15 जुलाई को मंदिर में जगन्नाथ पुरी से लेकर आई चलती प्रतिमाओं का विशेष अभिषेक और हवन 108 संत पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे के मार्गदर्शन में किया जाएगा. 16 जुलाई को रथ यात्रा पुरी की तर्ज पर निकाली जाएगी. समाज के तुलसीराम पटेल और पूर्व चल समारोह अध्यक्ष सुरेश गब्बर परमार ने बताया कि आयोजन समिति ने शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है.



### महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रितु जैन का किया स्वागत

**सीहोर.** भाजपा महिला मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष श्रीमती सीमा परिहार के निज निवास पर महिला मोर्चा की पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती रितु आनंद जैन के पुन: जिला अध्यक्ष बनने पर स्वागत समारोह आयोजित किया गया. महिला कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर श्रीमती रितु आनंद जैन का अभिनंदन किया. इस अवसर पर मधु पाठक, गिरजा कुशवाहा, तारा कटारिया, पिंकी सोनी, रिंकू महेश्वरी, सरोज सिंह ठाकुर, नूतन राठौर, रेखा चौरसिया, अर्चना चौहान, मिथलेश राठौर, पुष्पलता राठौर, उमा खत्री, सीमा शर्मा, प्रियंका मिश्रा उपस्थित रहीं.



### सुरक्षित पेयजल के लिएजल स्त्रोतों का क्लोरीनेशन

**सीहोर.** वर्षा ऋतु के दौरान जलजनित बीमारियों रोकथाम के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल स्रोतों का क्लोरीनेशन किया जा रहा है. अभियान के तहत हैंडपंपों, नल-जल योजनाओं तथा अन्य पेयजल स्रोतों में क्लोरीन डाला जा रहा है, ताकि नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके. इसके साथ ही एफटीके किट का भी वितरण किया जा रहा है. विभाग द्वारा पेयजल की गुणवत्ता पर लगातार निगरानी भी रखी जा रही है. इसके लिए विभिन्न स्थानों से जल के नमूने एकत्र कर पेयजल परीक्षण किट के माध्यम से उनकी जांच की जा रही है. परीक्षण के आधार पर क्लोरीनेशन सहित अन्य सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं.

# बैरी भये बदरवा, चार दिन से बादल खामोश

## बादलों की चुप्पी से एक बार फिर गर्मी और उमस ने लोगों को किया परेशान, झमाझम के लिए इंतजार

- जिले में अब तक औसतन 14 इंच बारिश दर्ज
- अगले तीन- चार दिन में एक सिस्टम सक्रिय होने के आसार

नवभारत न्यूज

**सीहोर 13 जुलाई. जिले में मानसून की रफ्तार पिछले चार दिनों से थम गई है. लगातार धूप और बढ़ती उमस ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है, जबकि किसान भी फसलों के लिए अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं. हालांकि जिले में अब तक औसतन करीब 14 इंच वर्षा दर्ज हो चुकी है, जिसमें आष्टा सबसे अधिक और श्यामपुर सबसे कम बारिश वाला क्षेत्र रहा है. मौसम विभाग ने जुलाई के मध्य में एक बार फिर तेज बारिश की संभावना जताई है.**

जिले में मानसून की सक्रियता पर पिछले चार दिनों से ब्रेक लगा हुआ है. एक सप्ताह पहले तक लगातार हो रही झमाझम बारिश के बाद अब आसमान साफ है और तेज धूप के साथ उमस ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है. दिन में निकल रही धूप से तापमान में बढ़ोतरी हो रही है, वहीं हवा में नमी अधिक होने के कारण उमस भी लोगों को परेशान कर रही है. दूसरी ओर किसानों की नजरें भी आसमान पर टिकी हैं. खरीफ फसलों की बुवाई लगभग पूरी हो चुकी है और अब फसलों की अच्छी बढ़वार के लिए बारिश की जरूरत महसूस की जा रही है.





**सीहोर.** फिलहाल बारिश का सिलसिला थमा हुआ है. ऐसे में गर्मी और उमस भले ही बेहाल कर रही हो, लेकिन किसान खेतों में डोरे चलाने व दवा का छिड़काव करने में व्यस्त हैं.

भू-अभिलेख विभाग द्वारा 13 जुलाई तक जारी वर्षा के आंकड़ों के अनुसार, जिले में 1 जून से अब तक औसतन 13.97 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है. अलग-अलग तहसीलों में बारिश का वितरण भी अलग-अलग रहा है.

इस सीजन में सबसे अधिक वर्षा आष्टा में 19.29 इंच दर्ज की गई है. इसके बाद जावर में 16.89 इंच, भैरूंदा में 15.31 इंच, इछावर में 14.69 इंच, रेहटी में 13.67 इंच तथा जिला मुख्यालय सीहोर में 12.75 इंच वर्षा रिकॉर्ड की गई है. बुधनी क्षेत्र में अब तक 11.44 इंच बारिश हुई है, जबकि श्यामपुर सबसे पीछे है, जहां केवल 7.73 इंच वर्षा दर्ज की गई है. रविवार को जिले के किसी भी वर्षामापी केंद्र पर बारिश दर्ज नहीं हुई.

मौसम विभाग के विशेषज्ञों के अनुसार फिलहाल कोई मजबूत मानसूनी तंत्र सक्रिय नहीं है, इसलिए भारी बारिश की संभावना कम बनी हुई है. हालांकि वातावरण में पर्याप्त नमी मौजूद है, जिसके कारण कहीं-कहीं हल्के बादल और गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी हो सकती है.

मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएस तोमर का कहना है कि अगले तीन से चार दिनों में बंगाल की खाड़ी में एक नया कम दबाव का क्षेत्र विकसित होने की संभावना है. यदि यह सिस्टम सक्रिय होता है तो जुलाई के मध्य से जिले में एक बार फिर मानसून रफ्तार पकड़ सकता है और झमाझम बारिश का नया दौर शुरू होने की उम्मीद है. तब तक लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ सकता है.

### मौसम में बदलाव का असर आम जनजीवन पर भी

मौसम में आए इस बदलाव का असर आम जनजीवन पर भी दिखाई दे रहा है. सुबह से दोपहर तक तेज धूप निकल रही है, जबकि शाम के समय बादल तो छा रहे हैं, लेकिन बारिश नहीं होने से उमस और अधिक बढ़ रही है. शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लोग गर्मी और चिपचिपाहट से परेशान हैं. वहीं किसान लगातार मौसम के बदलते मिजाज पर नजर बनाए हुए हैं. हालांकि बारिश का सिलसिला थमा रहने के कारण किसानों ने फायदा जमकर उठाया और सोयाबीन की फसल में डोरे चलाकर दवा का छिड़काव किया जा रहा है.

## पेंशनर्स एसोसिएशन ने राय को सौंपा ज्ञापन



**सीहोर.** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुन्दरलाल राठौर के नेतृत्व में तेरह सूत्रीय मांगों को लेकर सीएम एवं मुख्य सचिव को संबोधित ज्ञापन विधायक सुदेश राय को सौंपा. एसोसिएशन के उप प्रांताध्यक्ष केएल बैरागी ने बताया कि मप्र, छत्तीसगढ पुर्नगठन अधिनियम की धारा में सहमति का कोई प्रावधान नहीं है अत: सहमति की प्रथा तत्काल समाप्त की जाकर केन्द्रीय पेंशनर्स के अनुरूप राहत राशि का भुगतान किया जाए. जुलाई 19 से केन्द्रीय तिथि से महंगाई राहत का नियमित भुगतान किया जाए. इस अवसर पर दिनेश जोशी, दिलीप राठौर, बैनी प्रसाद कुशवाह, सिद्धुसिंह ठाकुर, भगवानदास प्रजापति, मुरलीधर शर्मा, बाबुलाल राठौर, लखन लाल सेन, प्रकाश देवगड़े दीन दयाल संकवार, भगवती शर्मा, हरिओम शर्मा दाऊ, सन्तोष जैन संतु, कुन्दनलाल राय, मिट्ठुलाल मेवाड़ा, विजय सिंह बिसोरिया, शैलेन्द्र चन्देल, अशोक कुमार दुबे, अरूण कुमार व्यास, देवानन्द ाीवास्तव आदि उपस्थित थे.

## श्रावण मास में होगी नर्मदेश्वर प्राण प्रतिष्ठा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 13 जुलाई.** जनता कालोनी वर्कशाप रोड़ पर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण किया गया है. मंदिर में देर रात्रि को मासिक शिवरात्रि के पावन अवसर पर महिला मंडल के तत्वाधान में भजन संध्या का आयोजन किया गया.

इस मौके पर पुजारी जसवंत सिंह दरबार ने बताया कि आगामी श्रावण मास में नव निर्मित मंदिर में भगवान नर्मदेश्वर महादेव की प्राण- प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा. इस दौरान सभी मांगलिक कार्य विधि- विधान से संपन्न कराए जाएंगे. श्री दरबार ने बताया कि मां शारदा भवानी महिला मंडल में बड़ी संख्या में महिलाएं मंदिर में मासिक शिवरात्रि का आयोजन करती आ रही है. प्रत्येक माह यहां पर भजन कीर्तन का आयोजन किया जाता है. इस दौरान वहां मौजूद अतिथियों का सम्मान किया गया.



# इंस्टाग्राम हैक करने के शक में युवक से मारपीट

- श्यामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सोठी जोड़ पर रोककर मारा
- पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला किया दर्ज

नवभारत न्यूज

**सीहोर 13 जुलाई.** सोशल मीडिया अकाउंट हैक करने के संदेह में एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है. घटना श्यामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सोठी जोड़-घाटपलासी रोड की है. पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

पुलिस के अनुसार फरियादी फारूक, जो पेशे से ड्राइवर है ने बताया कि रविवार को सुबह वह श्यामपुर आया था. जब वह सोठी जोड़-घाटपलासी रोड के पास पहुंचा, तभी ग्राम रावनखेड़ा निवासी अनस खान और मुस्ताक खान ने उसे रोक लिया. फरियादी के मुताबिक अनस खान ने उस पर अपना इंस्टाग्राम अकाउंट हैक करने का आरोप लगाया। जब उसने इस आरोप से साफ इनकार किया, तो दोनों आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मुस्ताक खान ने डंडे से उसकी नाक पर जोरदार वार कर दिया, जिससे उसकी नाक से खून बहने लगा. इसके बाद अनस खान ने भी उसके साथ थप्पड़ों और हाथों से मारपीट की.



मारपीट के दौरान शोर-शराबा सुनकर मौके पर मौजूद समीर खान बीच-बचाव के लिए पहुंचे. इसी बीच रावनखेड़ा निवासी बबला खान, शादाब खान, लईक खान, गब्बर खान और शाहरुख खान भी वहां पहुंच गए. आरोप है कि इन लोगों ने भी फरियादी के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए.

# हमले के विरोध में काली पट्टी बांधकर किया काम

- शहर के सभी डॉक्टरों ने काली पट्टी बांधकर जताया आक्रोश
- कार्रवाई नहीं होने पर कार्य का बहिष्कार करने की दी चेतावनी

नवभारत न्यूज

**13 जुलाई आष्टा.** चिकित्सक पर हुए हमले के मामले को लेकर चिकित्सकों में रोष व्याप्त है. विरोध में चिकित्सकों एवं अस्पताल कर्मचारियों ने दो दिवसीय शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया. सभी डॉक्टर एवं स्वास्थ्यकर्मी हाथ पर काली पट्टी बांधकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं.



चिकित्सक संघ ने चेतावनी दी है कि आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई तो अगले चरण में उग्र आंदोलन किया जाएगा. ब्लॉक के चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी पूर्ण कार्य बहिष्कार टोटल वर्क स्टॉपेज कर विरोध दर्ज कराएंगे. इस दौरान बीमएओ डॉ. अमित कुमार माथुर, डॉ. भूपेंद्र परमार, डॉ. अवधेश परमार, डॉ. भूरेलाल परमार, डॉ. जयदीप सिंह सिसोदिया, डॉ. अंकित पोरवाल, डॉ. भंडारिया, डॉ. माधवी राय, डॉ. हिनोपमा ठाकुर, डॉ. वैशाली, डॉ. इति, डॉ. प्रियंका मेवाड़ा सहित स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे.

## कुबेरेश्वर धाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव 29 को

नवभारत न्यूज

**सीहोर 13 जुलाई.** कुबेरेश्वरधाम पर जारी ऑनलाइन शिव महापुराण कथा के दौरान अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि शिव पर आस्था दुविधा में रास्ता है.

जब आप भ्रम या संकट में हों और आपको रास्ता न सूझ रहा हो, तो भगवान शिव में विश्वास रखने से आपको समाधान मिल सकता है, क्योंकि शिव भक्तों के रास्ते कभी बंद नहीं होते. महादेव की पूजा और भक्ति सच्ची आस्था के साथ करने से मन को शांति मिलती है और जीवन में आने वाली कठिनाइयों से पार पाने का मार्ग प्रशस्त होता है. इस अवसर पर कथा वाचक पंडित शिवम मिश्रा ने भगवान शिव एवं श्रीहरि के मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया. आगामी 24 से 29 जुलाई तक शिव महापुराण कथा एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा. देश भर से लाखों श्रद्धालुओं के धाम पहुंचने की संभावना है.

## चौहान की अध्यक्षता में दिशा की बैठक 18 को

**सीहोर.** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में 18 जुलाई को प्रात: 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक आयोजित कर विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी.

# विवादों का समाज में समझौते से करें निपटारा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 13 जुलाई.** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा तीन दिवसीय सामुदायिक मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन सोमवार को किया गया.

कार्यक्रम में विभिन्न समुदायों से चयनित प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया. प्रधान जिला न्यायाधीशसंजीव कुमार अग्रवाल ने कहा कि विवादों का पुलिस थानों एवं न्यायालयों में आने से पूर्व ही समाज में समझौते के माध्यम से निपटारा करने के उद्देश्य से समाज के प्रबुद्धजन को मीडिएशन प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि मीडिएशन की तकनीक को समझ कर बेहतर परिणाम दिला सकें. श्रीमती स्वप्नश्री सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने भी समाज के विकास में सामुदायिक मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम को महत्वपूर्ण बताया

प्रशिक्षण के दौरान सीनियर ट्रेनर शाहिद मोहम्मद एवं सेवानिवृत्त प्रधान जिला न्यायाधीश एवं मध्यस्थ कु. भावना साधो द्वारा प्रतिभागियों को मध्यस्थता के सिद्धांतों, संवाद कौशल, विवाद समाधान की प्रभावी तकनीकों एवं मध्यस्थों की भूमिका से अवगत कराया.

**टीएल बैठक** | खाद- बीज दुकानों का नियमित निरीक्षण करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

# प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

नवभारत न्यूज

**सीहोर 13 जुलाई.** कलेक्टर बालागुरू के की अध्यक्षता में टीएल बैठक आयोजित की गई.

कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकताओं से जुड़े सभी प्रकरणों का समय-सीमा के भीतर संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया जाए तथा किसी भी स्तर पर प्रकरणों को अनावश्यक लंबित न रखा जाए. बैठक में कलेक्टर ने भू-अर्जन, रेलवे भूमि मुआवजा वितरण, सीएम हेल्पलाइन, वन अधिकार अधिनियम तथा अन्य राजस्व प्रकरणों में अधिक पेंडेंसी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए राजस्व अधिकारियों और जिला परिवहन अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे तत्परता और गंभीरता के साथ लंबित प्रकरणों का निराकरण करें. उन्होंने कहा कि नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन जैसे राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए. राजस्व एवं वन विभाग को निर्देश दिए कि वन अधिकार पट्टों के फौती की कार्यवाही शीघ्र पूरी की जाए. इसके साथ ही उन्होंने वन अधिकार के सामुदायिक दावों को वन मित्र पोर्टल पर दर्ज किया जाए. उन्होंने वन अधिकार समितियों से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी जनपदों के सीईओ को आवश्यक कार्रवाई समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए. उन्होंने वन व्यवस्थापन से संबंधित लंबित प्रकरणों का भी निराकरण करने के निर्देश दिए.



वर्षाकालीन व्यवस्थाओं की विशेष समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के सभी बांधों, झरनों, नदियों तथा अन्य जोखिमपूर्ण स्थलों पर प्रतिबंधित आवागमन का सख्ती से पालन कराया जाए. बारिश में लोगों को जोखिमपूर्ण स्थानों पर जाने न दिया जाए तथा सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए. उन्होंने बुधनी क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए अन्य क्षेत्रों में प्रभावी व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए.


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी श्रीमती द्रोपती रामनानी बेवा शीतलदास, नितिन रामनानी आ. शीतलदास, उमेश रामनानी आ. शीतलदास गिरीश रामनानी आ. शीतलदास सभी निवासी 110 फ्लेट नम्बर 03 प्रिया टावर बेरसिया रोड़ डीआईजी थाने के पीछे फिरदौस नगर तहसील हुजूर जिला भोपाल के संयुक्त स्वत्व वा आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि श्यामपुर तहसील के ग्राम गवा में स्थित है। जिसका ख.क्र. 449/1 रकबा 6.4750 हैक्टेयर भूमि को क्रय करने का टोकन कर अग्रिम बयाना राशि अदा कर दी गई है। यदि उपरोक्त भूमि पर किसी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय, संस्था, शासकीय अशासकीय कार्यालय, का कोई हक, हित, अधिकार, हिस्सा हो या विक्रय सम्बंधी समव्यवहार क्रय करने का बंधक रहन आदि रखने का हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें निर्धारित अवधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त भूमि का अपने हित में विक्रय अनुबंध पत्र/विक्रय पत्र का निष्पादन करा लिया जावेगा। फिर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। और ना ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारी रहेगी। सर्व-साधारण को सूचित होवे।

भवदीय
एडवोकेट शिराज़ खान
कार्यालय- तहसील चौराहा
मो.न. 9893932633

**In The Court Of I Civil Judge, Senior Division, District Court, Sehore**

Presiding Officer: श्रीमति विनिता गुप्ता

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकरण हेतु)
(MJC/0000025/2026)

अब्दुल राशीद.....................वादी
Vs
नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड......प्रतिवादी

Process ID /2026
पेशी दिनांक 20/08/2026

प्रेषिती-

(1) सर्व साधारण पता-तहसील व जिला सीहोर

यह कि प्रार्थी अब्दुल राशीद पिता वहीद खां आयु 50 क्र 02 हबीब खान पिता वहीद खां आयु 48 वर्ष क्र 03 सईद पिता वहीद खां आयु 47 वर्ष क्र 04 हसीब खां पिता वहीद खां आयु 40 वर्ष क्र 05 हसीन पिता वहीद खां आयु 38 वर्ष क्र 06 अनीस पठान पिता वहीद खां आयु 35 वर्ष क्र 07 हनीफ पिता वहीद खां आयु 35 वर्ष निवासी ग्राम मुगीसपुर तहसील व जिला सीहोर ने आपके विरुद्ध विविध व्यवहार प्रकरण के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से सम्बंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें, जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज़ पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 25 जून 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा।

न्यायाधीश
श्रीमती विनिता गुप्ता
प्रथम व्यवहार वरिष्ठ खंड सीहोर
जिला सीहोर (म.प्र.)